

# तिरुपति में विप्र फाउंडेशन के सुख साधन भंडार के मुख्यालय का उद्घाटन संपन्न

## वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय के उपकुलपति ने दीप प्रज्वलन कर किया शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुपति। शास्त्र और शस्त्र के परम ज्ञाता नारायण अवतार परशुराम को पुराणों से जनमानस में लाना आज की आवश्यकता है। सृष्टि के प्रथम राम परशुराम के आदर्शों पर चलकर निश्चित ही हम श्रेष्ठता को प्राप्त कर सकते हैं। यह बातें श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय तिरुपति के उपकुलपति प्रो. रानी सदाशिव मूर्ति ने वक्तव्य में रखी। उन्होंने आज विप्र फाउंडेशन की स्फटिक जयंती वर्ष के प्रथम कार्यक्रम इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर परशुराम कॉन्शसनेस के राष्ट्रव्यापी प्रकल्प 'सुख साधन भंडार' के उद्घाटनकर्ता के रूप में व्याख्यान दिया। उपकुलपति ने विप्र फाउंडेशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था शिक्षित और संस्कारवान युवाओं को आगे ला रही है, यह देख प्रसन्नता हुई। उन्होंने इस्पेक की चेयरमेन डॉ हर्षा त्रिवेदी को आशीर्वाद देते हुए इस्पेक को हर संभव सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया। इससे पूर्व ई-शोधन के संस्थापक उदय वर्डी के आचार्यत्व में विधि विधान से पूजन, अभिषेक एवं हवन कार्य संपन्न हुआ। विप्र फाउंडेशन आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष डी.राजेन्द्र प्रसाद पारीक ने सपत्नीक अनुष्ठान के यजमान का दायित्व निभाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विफ़ा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ सुनील शर्मा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष होने वाले ग्यारह कार्यक्रमों की श्रृंखला का प्रथम पुष्प तिरुपति में होना सौभाग्य बताया। डॉ शर्मा ने कहा कि हम शिक्षा, संस्कार और रोजगार पर मुख्य रूप से काम कर रहे हैं। इस्पेक की चेयरपर्सन डॉ हर्षा त्रिवेदी ने कहा कि इंटरनेशनल सोसायटी फॉर परशुराम कोंशसनेस का प्रयास है कि हम भगवान परशुराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाएं और उन्हें अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दें। सुख साधन भंडार आने वाले दिनों में आध्यात्मिक चेतना की दिशा में योगदान करेगा।

कार्यक्रम संयोजक भगवान व्यास ने कहा कि आज के आयोजन की सफलता ने हमें और अधिक कार्य करने की ऊर्जा दी है। इस्पेक के राष्ट्रीय प्रभारी प्यारे लाल शर्मा ने तिरुपति ईकाई के प्रति आभार व्यक्त किया । समारोह में उपस्थित बेंगलूरु से कर्नाटक अध्यक्ष कमलेश डीडवानियाँ, चेन्नई से तमिलनाडू अध्यक्ष किशोर सेवग, विशाखापत्तनम से राष्ट्रीय कार्यसमिति अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जयपुर से पार्षद मुकेश काका भी पहुँचे। तिरुपति शाखा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजपुरोहित, अनिल गौड़, महामंत्री, शैलेंद्र दधीच, कोषाध्यक्ष सहित समस्त तिरुपति टीम ने आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# जेल में बंद कन्नड़ सुपरस्टार का दावा, रेणुकास्वामी का भूत कर रहा परेशान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** जेल में बंद कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन ने दावा किया है कि रेणुकास्वामी का भूत उन्हें परेशान कर रहा है, जिसकी हत्या का आरोप उन पर है। बेल्लारी जेल के सूत्रों के अनुसार, सुपरस्टार दर्शन ने जेल अधिकारियों को बताया है कि उन्हें मृत फैन का भूत परेशान कर रहा है। दर्शन ने शिकायत की है कि रेणुकास्वामी उनके सपनों में आता है और उन्हें परेशान कर रहा है।

उन्होंने अधिकारियों से भी इस मामले पर चर्चा की है कि उनके लिए इस स्थिति का सामना करना मुश्किल हो रहा है। वह अपने सेल में अकेले हैं और डर के कारण सो नहीं पा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने दर्शन को तड़के सोते समय चिल्लाते और चीखते हुए सुना है। सूत्रों ने बताया कि दर्शन की पत्नी विजयलक्ष्मी उनके लिए मंदिर गईं और विशेष प्रार्थना की। दर्शन को उनके साथियों के साथ बेंगलूरु सेंट्रल जेल में रखा गया था, लेकिन विशेष सुविधाओं की तस्वीरें सामने आने के बाद उन्हें अलग-थलग कर दिया गया और बाद में बेल्लारी जेल में शिफ्ट कर दिया गया। कोई जोखिम न लेते हुए, बेल्लारी जेल के अधिकारियों ने एक्टर को एक छोटे से सेल में अलग रखा है, जहां उनका किसी से भी संपर्क नहीं है। अधिकारियों ने उनकी सुविधाओं की मांग को भी खारिज कर दिया तथा अदालत के सुझाव के बाद ही उन्हें सुविधाएं देने की इजाजत दी। दर्शन के बेटे ने हाल ही में अपनी मां विजयलक्ष्मी के साथ जेल में उनसे मुलाकात की थी।



# केंद्र की मदद के बिना कांग्रेस एक दिन भी हिमाचल सरकार नहीं चला सकती : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/बिलासपुर/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र के मदद के बिना कांग्रेस एक दिन भी हिमाचल प्रदेश की सरकार नहीं चला सकती।

बिलासपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई द्वारा आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार राजस्व घाटे के अनुदान के तौर पर 500 करोड़ रुपए और वेतन एवं पेंशन भुगतान के लिए अनुदान के तौर पर 800 करोड़ रुपए देती है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ''अलग-अलग मौकों पर अलग-अलग'' बात करते हैं। उन्होंने कहा, जब वह ''हिमाचल प्रदेश में और चुनावों के दौरान बोलते हैं तो कहते हैं कि राज्य को केंद्र से कुछ नहीं मिलता, जबकि दूसरी तरफ, दिल्ली में वह वित्तीय मदद के लिए आभार व्यक्त करते हैं तथा और अधिक मदद की गुहार लगाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में केंद्र की मदद के बिना एक दिन भी सरकार नहीं चला सकती, लेकिन राज्य सरकार के पास इस बात का कोई हिसाब नहीं है कि पैसा कहां खर्च हो रहा है।'' नड्डा ने कहा कि इस सितंबर में पहली तारीख को राज्य सरकार के कर्मचारियों का वेतन न देकर सुक्खू ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के ''सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए''। उन्होंने इसे मौजूदा सरकार की ''सबसे बड़ी आपदा'' बताया। मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस शासित राज्यों में नशाखोरी बढ़ रही है। हाल ही में 5,600 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्ती मामले में कांग्रेस के नेता की संलिप्तता पाई गई।

# आंध्र के मुख्यमंत्री को लोगों से माफी मांगनी चाहिए : तिरुपति लड्डू मुद्दे पर जगन ने कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती/भाषा।** तिरुपति लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए एक स्वतंत्र एसआईटी गठित करने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश का स्वागत करते हुए वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को रद्द करके उच्चतम न्यायालय ने नायडू की ''असली तस्वीर'' सामने ला दी है।

जगन ने प्रतिद्वंद्वी पर निशाना साधते हुए कहा, ''...जब उच्चतम न्यायालय ने ऐसी टिप्पणी की है, यदि उनमें (नायडू) ईश्वर के प्रति कोई श्रद्धा है, तो उन्हें लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें तिरुमला वेंकटेश्वर स्वामी के समक्ष प्रार्थना करके कहना चाहिये कि उनसे गलती हुई। उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया है, बल्कि वे (तेदेपा) अपने ट्विटर हैंडल के माध्यम से पोस्ट जारी कर रहे हैं (गलत जानकारी फैला रहे हैं)।'' उन्होंने कहा कि उच्चतम ने स्पष्ट कर दिया है कि भगवान को राजनीति में नहीं लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इन (उच्चतम न्यायालय की) टिप्पणियों और सुनाए गए निर्णयों से यह स्पष्ट है कि चंद्रबाबू नायडू जो कुछ भी बोल रहे हैं, उच्चतम न्यायालय ने नायडू को स्पष्ट रूप से फटकार लगाई है।'' उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने लड्डू में मिलावट मुद्दे पर नायडू द्वारा नियुक्त एसआईटी को भी रद्द कर दिया है।

# देशभर में आपूर्ति क्षमता बढ़ाने के लिए अमेजन, डाक विभाग में समझौता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अमेजन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज और डाक विभाग ने देशभर में आपूर्ति क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। दोनों इकाइयों ने इसको लेकर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने बयान में कहा कि यह सहयोग दक्षता को अधिकतम करने, संसाधन उपयोग को अनुकूलतम बनाने और अपने-अपने लॉजिस्टिक नेटवर्क में क्षमता साझा करने की संभावनाएं तलाशने की दिशा में काम करेगा। डाक विभाग की सचिव वंदिता कौल ने कहा, भारतीय डाक विभाग



अपने लगभग 1,65,000 डाकघरों के व्यापक नेटवर्क के साथ, पूरे देश में ई-कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अमेजन के साथ हमारी साझेदारी डिजिटल खाई को पाटने और सभी नागरिकों के लिए ई-कॉमर्स को बढ़ाने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण छलांग है।

## मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या इस्तीफा दें और जांच का सामना करें : जगदीश शेट्टर

**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलगावी में शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए सांसद जगदीश शेट्टर ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या पर गंभीर आरोप लगाए। शेट्टर ने कहा कि जब राज्यपाल ने मामले की जांच की मांग की, तो मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के आदेश को चुनौती दी। लेकिन, उच्च न्यायालय ने राज्यपाल के आदेश को बरकरार रखा। शेट्टर ने बताया कि एक एफआईआर दर्ज की गई है और जांच जल्द शुरू होने वाली है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सिद्दरामय्या ने दशहरा कार्यक्रम की शुरुआत इस उद्देश्य से की है ताकि जनता का सरकार पर विश्वास कम हो। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार द्वारा ईडी के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया गया जो सही नहीं है। सांसद शेट्टर ने आगे कहा कि हम पहले से ही मांग कर रहे हैं कि मुडा घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए और अब भी वही कह रहे हैं। उन्होंने सिद्दरामय्या से कहा कि वह इस्तीफा दें और जांच का सामना करें।

उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) में विकास योजनाओं के दौरान खुद की जमीन खोने वाले लोगों के लिए सन 2009 में एक योजना लागू की गई थी। इस योजना के तहत जमीन खोने वाले लोगों को विकसित भूमि का 50 फीसदी हिस्सा देने की बात की गई थी। इसी वजह से आगे चलकर यह योजना 50:50 के नाम से मशहूर हुई। इस योजना को 2020 में भाजपा की सरकार ने स्थगित कर दिया।

# मुडा मामला : कांग्रेस में पर्दे के पीछे राजनीतिक गतिविधियां तेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के खिलाफ जांच के बीच कर्नाटक में कांग्रेस में पर्दे के पीछे राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और नेताओं का एक वर्ग सिद्दरामय्या के बाहर होने की स्थिति में खुद को खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। 'मुडा घोटाले' पर उनके इस्तीफे की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (एस) की मांग के बीच, मुख्यमंत्री ने हाल के दिनों में बार-बार कहा है कि वह पद नहीं छोड़ेंगे क्योंकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह कानूनी तौर पर लड़ेंगे।

लोकायुक्त पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एमयूडीए द्वारा सिद्दरामय्या की पत्नी पार्वती बीएम को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं के मामले में मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ अलग-अलग जांच शुरू की है।

वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों जी. परमेश्वर, एचसी महादेवप्पा (दोनों अनुसूचित जाति समुदाय से) और सतीश जारकीहोली (अनुसूचित जनजाति) ने हाल में मुलाकात की, जिससे 'घोटाले' को लेकर पार्टी आलाकमान द्वारा नेतृत्व परिवर्तन किए जाने की स्थिति में उनकी सामूहिक रणनीति के बारे में अटकलें तेज हो गईं। इससे पहले उप मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने परमेश्वर और जारकीहोली से अलग-अलग मुलाकात की थी। एक वरिष्ठ पार्टी नेता ने कहा, यदि सिद्दरामय्या को पद छोड़ने के लिए विवश किया जाता है तो परमेश्वर और शिवकुमार को शीर्ष पद की दौड़ में देखा जा रहा है।

जारकीहोली ने पहले कहा था कि वह 2028 में ही मुख्यमंत्री पद की दौड़ में रहेंगे जब कर्नाटक में अगले विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस नेतृत्व ने एमयूडीए मुद्दे पर सिद्दरामय्या का समर्थन किया है और उसे उनके इस्तीफे का कोई कारण नजर नहीं आता है। सत्तारूढ़ दल ने भारतीय जनता पार्टी पर निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों और राज्यपाल के कार्यालय का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

आरवी देशपांडे और एमबी पाटिल जैसे कुछ नेताओं ने मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा खुलकर जाहिर कर दी है, लेकिन कुछ वरिष्ठ नेता सिद्दरामय्या का बचाव करते नजर आते हैं।

वरिष्ठ पार्टी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एम वीरप्पा मोइली ने शुक्रवार को यहां 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''स्वाभाविक रूप से, हर कोई (मुख्यमंत्री बनना चाहता है)... इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी बन सकता है... वह (सिद्दरामय्या) मुख्यमंत्री चुने गए हैं और वह बने रहेंगे।''



# केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास खाली किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित अपना सरकारी आवास खाली कर दिया, जहां वह पिछले नौ साल से रह रहे थे। इसके बाद वह लुटियन दिल्ली में स्थित आप के एक राज्यसभा सदस्य को आवंटित आवास में रहने के लिए चले गए। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक पत्नी, बेटा, बेटी और माता-पिता के साथ दो वाहनों में मंडी हाउस के समीप 5, फिरोजशाह रोड स्थित आवास में रहने के लिए चले गए। केजरीवाल, उनकी पत्नी और बेटा एक कार में थे, जबकि उनके माता-पिता और बेटी दूसरी कार में थे।

यह बंगला पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित है। मुख्यमंत्री आवास खाली करने से पहले केजरीवाल परिवार को उनके पुराने आवास के कर्मचारियों ने भावुकतापूर्ण माहौल के बीच विदा किया। मुख्यमंत्री ने पूर्व आवास के कर्मचारियों को गले लगाया। उनकी पत्नी सुनीता ने सरकारी अधिकारी को आवास की चाबी सौंपी। छह, फ्लैगस्टाफ बंगला दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व में आता है। केजरीवाल परिवार ने गृह प्रवेश की रस्म अदा करने के बाद अपने नए घर में प्रवेश किया। आप नेताओं ने कहा कि परिवार का सामान दो छोटे ट्रकों में नए बंगले में पहुंचाया गया। केजरीवाल ने पिछले महीने मुख्यमंत्री पद से यह कहकर इस्तीफा दे दिया था कि जब तक उन्हें अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में लोगों से ''ईमानदारी का प्रमाण पत्र'' नहीं मिल जाता, तब तक वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।

## अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध बढ़ने से भारत को निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध बढ़ने से भारत को अपना निर्यात बढ़ने और अमेरिकी कंपनियों से निवेश आकर्षित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है।

शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट में पिछले महीने पेश किए गए दो विधेयक चीन के साथ व्यापार युद्ध को तेज कर सकते हैं। इनके पारित होने का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

सीनेट में रखे गए 'न तो स्थायी और न ही सामान्य व्यापार संबंध अधिनियम' (पीएनटीआर) और 'गैर-बाजार शुल्क चोरी उन्मूलन अधिनियम' (एएनटीई) का मकसद शुल्क बढ़ाकर और नई व्यापार बाधाएं खड़ी कर चीन की व्यापार प्रथाओं का मुकाबला करना है।

# आदित्य ठाकरे मुंबई जल संकट के लिए जिम्मेदार, बांध परियोजना रद्द की थी : शेलार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने महानगर में जल संकट के लिए शिवसेना (यूबीटी) को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने ही महंगे विलवणीकरण (डीसैलिनेशन) संयंत्रों के वास्ते कई नियोजित बांध परियोजनाएं रद्द कर दी थीं।

आदित्य ठाकरे महा विकास आघाडी (एमवीए) की पूर्ववर्ती सरकार में पर्यावरण मंत्री थे। महाराष्ट्र विधानसभा का सदस्य निर्वाचित होने से पहले शेलार कई कार्यकाल तक बृहन्मुंबई महानगरपालिका के पार्षद रहे। उन्होंने कहा कि शहर के कई हिस्से (जलापूर्ति में) निम्न दाब की समस्या का सामना कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा, '' गत 10 साल में नगर निकाय द्वारा किसी नये बांध का निर्माण नहीं किया गया न ही कोई नई व्यवस्था की गई। इसके विपरीत गरगई बांध परियोजना रद्द कर दी गई ओर समुद्र जल के विलवणीकरण की परियोजना को आगे बढ़ाया गया, लेकिन यह परियोजना पूरी नहीं हो सकी।''

उल्लेखनीय है कि बीएमसी पर 1997 से 2022 तक लगातार 25 साल तक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली अविभाजित शिवसेना का कब्जा रहा है और लंबे समय तक शेलार की पार्टी भाजपा भी शिवसेना की सहयोगी रही है।

# बंदरों को खाना देना पशु कल्याण नहीं, इससे मानव के साथ संघर्ष बढ़ता है : दिल्ली उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नगर निकायों को कहा कि उन्हें जन जागरूकता अभियान चला कर लोगों को बताना चाहिए कि शहर में बंदरों को खाना खिलाने से कैसे उन्हें लाभ नहीं होगा बल्कि बंदरों का लोगों से संघर्ष होगा।

अदालत ने 30 सितंबर को दिए आदेश में अधिकारियों को बंदरों की समस्या का समाधान करने के लिए कार्यक्रम तैयार कर उसे लागू करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि लोगों को खुले में खाना छोड़ने के नतीजों के बारे में जागरूक करना चाहिए क्योंकि यह बंदरों को आकर्षित करता है।

अदालत ने टिप्पणी की कि जंगलों में बंदर पेड़ों पर रहते हैं और जामुन, फल और डंठल खाते हैं। अदालत ने कहा कि उसका मानना है कि दिल्ली के नागरिकों में अपना व्यवहार बदलने का



''सहज विवेक'' है अगर यह अहसास हो जाए कि ''जंगली जानवरों को खाना खिलाना न केवल जानवरों के कल्याण के लिए बल्कि मानव कल्याण के लिए भी हानिकारक है।''

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने आदेश में कहा, ''आश्चर्य होता है कि आखिर बंदरों को सड़कों और फुटपाथों पर क्यों आना पड़ा? इसका जवाब है मनुष्य। हम ही हैं जिन्होंने बंदरों को खाना खिलाकर उन्हें उनके प्राकृतिक आवास से बाहर निकाला है। बंदरों को ब्रेड, रोटी और केले देने से उन्हें नुकसान पहुंचता है और वे लोगों के साथ संघर्ष में शामिल हो जाते हैं।''

# शरद पवार की आरक्षण सीमा 75 प्रतिशत करने की मांग 'बौद्धिक दिवालियापन' : प्रकाश आंबेडकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** वंचित बहुजन अघाडी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार द्वारा महाराष्ट्र में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने की मांग को लेकर शुक्रवार को उन्हें आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि पवार की मांग 'बौद्धिक दिवालियापन' का संकेत हैं । उन्होंने सवाल किया कि निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ कब मिलेगा जिसमें अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेताओं का प्रभुत्व है।

आंबेडकर ने 'पीटीआई वीडियो सेवा' से बातचीत में कहा, ''यह बौद्धिक दिवालियापन है। आरक्षण विकास का मुद्दा नहीं है। यह प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है।'' शरद पवार ने सांगली में कहा



था, ''वर्तमान आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत है। लेकिन अगर तमिलनाडु (विभिन्न समुदायों के लिए आरक्षण) 78 प्रतिशत कर सकता है तो महाराष्ट्र में 75 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं किया जा सकता।''

आंबेडकर ने कहा कि 75 प्रतिशत आरक्षण की मांग नागरिकों को सुरक्षित जीवन मुहैया कराने की जिम्मेदारी से भागने के समान है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के बारे में वीबीए प्रमुख ने कहा कि उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए नहीं तो अब कोई उनके मराठा नेता होने पर विश्वास नहीं करेगा।

आंबेडकर ने कहा, '' पूर्व में जरांगे के बारे में कहा जाता था कि वह (उप मुख्यमंत्री देवेंद्र) फडणवीस के लिए काम कर रहे हैं। बाद में कहा जाने लगा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए काम कर रहे हैं। अब कहा जा रहा है कि वह शरद पवार के लिए काम कर रहे हैं। अगर वह अपनी इस छवि से बाहर निकलना चाहते हैं तो उन्हें चुनाव लड़ने की घोषणा करनी चाहिए।''

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के नजरबाद स्थित शिक्षक सदन में शुक्रवार को प्रारंभ हुए चार दिवसीय टीनएज सेमिनार में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि माता-पिता अपनी संतानों के लिए बहुत दुःख सहते हैं।



# हाई लाइफ ज्वेल्स के आगाज के साथ ही छाई रौनक

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। ज्वेलरी शो 'हाई लाइफ ज्वेल्स' के आग़ाज़ के साथ ही इसमें रौनक छाई हुई है। इसकी शुरुआत शुक्रवार को यहां ताज वेस्ट एंड में हुई थी। यह शो रविवार तक जारी रहेगा। आयोजकों ने बताया कि यह शो फैशन और लक्जरी का पर्याय है, जो अपने शानदार प्रॉडक्ट्स के कारण खास पहचान रखता है। यहां कई मशहूर ब्रांड्स के आभूषण उपलब्ध हैं। यह सभी तरह की ज्वेलरी की शॉपिंग के लिए परफेक्ट जगह है।

इस लक्जरी इवेंट में आकर्षक आभूषणों का शानदार संग्रह पेश किया गया है। यहां हर आभूषण को खास तौर से तैयार किया गया है। आयोजकों ने कहा कि हाई लाइफ ज्वेल्स का अनूठा संग्रह शॉपिंग का शानदार अनुभव दे रहा है।

## सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के नवचेतना चेरिटेबल ट्रस्ट फॉर डिसेबल्ड द्वारा रामनगर स्थित गुरु भवन में टोयोटा किर्लोस्कर ऑटो पार्ट प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से दिव्यांगजनों में सिलाई मशीनें वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत उपस्थित थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष मंजूनाथ ने टोयोटा के प्रतिनिधि एवं मुणोत को सम्मानित किया।



# हनुमंतनगर में मंगलकारी प्रभु पार्श्वनाथ का जाप विधिवत रूप से संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में साध्वी धर्मप्रभाजी व स्नेहप्रभाजी के सान्निध्य में 23वें तीर्थकर पुरुषादानी, प्रभु पार्श्वनाथ का कल्याणकारी महामंगलकारी जाप अनुष्ठान शुक्रवार को प्रातः 9 से हनुमंतनगर स्थितमरुधर केसरी दरबार में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर श्रद्धा- भक्ति के साथ प्रभु पार्श्वनाथ के जाप में भाग लिया। साध्वीद्वय ने श्रद्धालुओं को तीर्थकर प्रभु पार्श्वनाथ का विविध बीज मंत्रों युक्त महामंगलकारी जाप साधना विधिवत रूप से संपन्न करवाई। साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने तीर्थकर प्रभु पार्श्वनाथ के जीवन चरित्र पर सारगर्भित प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रभु पार्श्वनाथ की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि पार्श्वनाथ प्रभु का जाप-स्तुति करने से सभी प्रकार के दोषों, शारीरिक-मानसिक चिन्ता का, ग्रह दोषों का निवारण होता है। साधक को सब प्रकार के रिद्धि-सिद्धि, सुख समृद्धि और शांति,आनंद, सुख, कल्याण की प्राप्ति होती है और साधक के कर्मी की महान निर्जरा होती है। संचालन संघमंत्री सुरेश धोका ने किया।

## प्रदर्शन





श्रीरंगपटना में शुक्रवार को दशहरा जुलूस के उद्घाटन के दौरान कलाकार प्रदर्शन करते हुए।



# आशापुरा धाम में नवरात्रि महोत्सव में शुरु हुए अनेक धार्मिक अनुष्ठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के कगलीपुरा स्थित आशापुरा धाम में नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को घट स्थापना से हुआ।12 अक्टूबर को मंदिर पर 11वां ध्वजारोहण किया जाएगा। अहमदाबाद से आए 21 पंडित और निरंजन पंडित के नेतृत्व में प्रातः घट स्थापना, कुम्भ स्थापना, दीपक स्थापना के साथ हवन यज्ञ पूजन हुआ। अभिजित मुहूर्त में माताजी धाम में स्थापित त्रिशूल का 72 द्रव्यों से विधि विधान सहित अभिषेक किया गया।अभिषेक के पश्चात आशापुरा माता को 56 भोग, खेतलाजी को 56 भोग, रिद्धिसिद्धि विनायकजी को 56 भोग , 54 गोले की ज्योत, 108 दीपक की आरती के साथ नवग्रह पूजन, नवग्रह भोग सहित भव्य कार्यक्रम समापन हुआ।

माताजी धाम में प्रति दिन हवन पूजन सहित शत चंडी का पाठ 10 दिनों तक चलेगा। रविवार के दिन बन्नरघट्टा मीनाक्षी मंदिर से पैदल संघ रवाना होकर 13 किलोमीटर की यात्रा कर माताजी धाम पहुंचेगा। 7 अक्टूबर को विशेष गणपति पूजन, गणपति 56 भोग, माताजी-खेतलाजी भोग एवं गणपतिजी को 108 श्रीफल अर्पण के साथ भव्य कार्यक्रम रहेगा। 8 को खेतलाजी पूजन, भोग अर्पण, खेतलाजी को तेल सिन्दूर अर्पण कार्यक्रम होगा। 11 को प्रातः अभिषेक, 108 भोग अर्पण, 108 गोले की भव्य ज्योत, मेहंदी कार्यक्रम, बड़ी सांझी एवं रात्रि डांडिया गरबा एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया गया है।

इस दिन मंदिर पहुंचने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से बसों की व्यवस्था की गई है। 12 को माताजी के धाम की 11वीं वर्षगांठ पर ध्वजारोहण, हवन पूजन पूर्णाहुति, भक्तों को विशेष भोग प्रसादी, लक्ष्मी यन्त्र एवं रक्षा पोटली वितरित की जाएगी।

# अग्रवाल समाज का 'काव्य कलश' काव्य पाठ कार्यक्रम कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय अग्रवाल समाज कर्नाटक द्वारा रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में जेपी नगर स्थित आरवी कॉलेज के ऑडिटोरियम में 'काव्य कलश' नामक काव्य पाठ का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस काव्य कलश कार्यक्रम में दोपहर 3.30 बजे से देश के जाने माने कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, पद्मश्री डॉ सुनील जोगी, महेश दुबे, राजेश चेतन एवं कवयित्री डॉ कीर्ति काले, डॉ रुचि चतुर्वेदी काव्य कविता के विभिन्न रसों के माध्यम से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज कमेटी के साथ युवा संघ की पूरी टीम जोर शोर के साथ तैयारियों में जुटी हुई है। कार्यक्रम में प्रवेश केवल प्रवेश पत्र द्वारा ही दिया जाएगा।

# सत्य की जीत का संदेश देता है नवरात्रि महोत्सव : संतश्री राजेशमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनगर स्थित लुणावत जैन स्थानक भवन में चातुर्मासार्थ विरजित संतश्री राजेशमुनिजी ने कहा कि भारत धर्म प्रधान देश है।

यहां सभी धर्मों को सम्मान दिया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों का पर्व है जिसे पूरे देश में उत्साह से मनाया जाता है। यह सत्य की जीत एवं असत्य की हार का संदेश देता है। मुनिश्री ने कहा कि ज्ञान, दर्शन, चरित्र यह तीन रत्न हैं। सही दृष्टि और सही सोच से हमें सही मार्ग मिलता है और सत्य को पहचानने में मदद मिलती है। इस मौके पर ऋषभमुनिजी ने भी विचार व्यक्त किए।

धर्मसभा में दिल्ली से अनिल परिवार, विल्सन गार्डन से संघ के अध्यक्ष मीठालाल मकाना आदि उपस्थित थे। सभा का संचालन संघ के चेयरमैन महावीरचंद मुथा ने किया। संघ के अध्यक्ष धनरूपचंद मेहता ने स्वागत किया।



भारतीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव नासिक रोड रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को स्कूली बच्चों से बातचीत करते हुए।



# माता-पिता का आशीष ही है संतानों का भविष्य : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

## किशोरों के लिए आयोजित हुई चार दिवसीय सेमिनार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के नजरबाद स्थित शिक्षक सदन में शुक्रवार को प्रारंभ हुए चार दिवसीय टीनएज सेमिनार में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि माता-पिता अपनी संतानों के लिए बहुत दुःख सहते हैं। अपने अरमानों के बलिदानों पर परिवार खड़े और बड़े होते है। माता-पिता और संतानों के संबंधों का यह सिलसिला कभी खत्म नहीं होता। जैसा व्यवहार हम करते हैं, वैसा या उससे बदतर व्यवहार हमारी संताने हमारे साथ करती हैं। इसलिए हर एक को सबक सीखने की आवश्यकता है। हर व्यक्ति को यह दिलोदिमाग में उतार देना है कि मां-बाप की सेवा-भक्ति के समक्ष औलादों की सारी भौतिक उपलब्धियां धूल के बराबर है। जन्मदाताओं के उपकारों का बदला कभी चुकाया नहीं जा सकता। उनका अपनी जिंदगी में मौजूद होना ही सबसे बड़ा सौभाग्य है। भगवान ने भी माता-पिता के गुणगान किए हैं। माता-पिता की बदौलत ही भगवान दुनिया में अवतरित होते हैं।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि माता-पिता को रुलाने वाली संतानें कभी सुखी नहीं होती। जन्मदाताओं की मूक आशीष ही संतानों के सुख-शांतिमय उज्वल भविष्य का निर्माण करती है। यह यथार्थ और अनुभव सिद्ध बात है। हजारों-लाखों उदाहरण इस बात को प्रमाणित करते हैं। माता-पिता सब सह लेते हैं, संतानों की बेवफ़ाई नहीं सह सकते। जो उन्हें रुलाते हैं, आखिरकार वे फूट फूट कर रोते नजर आते हैं और जो जन्मदाताओं के आशीर्वाद से आगे बढ़ते हैं, वे गरीब भी अमीर बन जाते हैं। औलादों को यह समझाने के लिए दुनियाभर में इसके लिए कितनी ही किताबें और नावेल लिखी गई हैं, कितनी ही मूवी और नाटिकाएं बनी हैं, कितनी ही कहानियां और कविताएं रची गई हैं।कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया कि सेमिनार में प्रशिक्षण के अलावा स्मरण शक्ति प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी हुई। पहेलियों को भी विद्यार्थियों ने बहुत तत्परता से सुलझाया। अनेक मोटिवेशनल वीडियो पर परिचर्चा हुई। सरस्वती वंदना से सेमिनार का शुभारंभ हुआ। गणि पद्मविमलसागरजी ने सेमिनार की रोचक संयोजना की। अनेक लाभार्थियों के संयुक्त योगदान से यह समाजोपयोगी आयोजन किया गया है।



# अणुव्रत के माध्यम से भीतर के प्रदूषण को मिटाएं : साध्वीश्री उदितायशा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निर्देशन में स्थानीय अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर्यावरण दिवस के रूप में साध्वीश्री उदितायशाजी के सान्निध्य में मनाया गया। साध्वीश्री उदितायशाजी ने मंगल पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि हमारे चारों ओर पृथ्वी, पानी, वृक्ष आदि का आवरण है। अगर हम इनके साथ छेडखानी करते है तो प्रकृति अवश्य बदला लेती है। लोभ के कारण व्यक्ति पर्यावरण से छेडखानी कर रहा है।

आचारंग सूत्र में पर्यावरण को सुरक्षा का सूत्र बताया है। जो पर्यावरण की सुरक्षा करता हैं वह अपनी सुरक्षा करता है। आडंबर के कारण अतिरिक्त अपव्यय हो रहा है। शादियां, बर्थडे भी आकर्षण का केंद्र बन गया है, जिसमें कागज, बिजली, प्लास्टिक, पानी आदि का अपव्यय हो रहा है । अणुव्रत के माध्यम से भीतर के प्रदूषण को मिटाएं।

कार्यक्रम मे उपाध्यक्ष माणकचंद संचेती, मंत्री हरकचंद ओस्तवाल, संगठन मंत्री निर्मली पोकरणा, माणकचंद बरलोटा, राकेश चोरडिया, कविता पोरवाल, पवन संचेती, मीना रायसोनी, महावीर मुथा ने लाभ लिया। सभी का आभार उपाध्यक्षा शांति सकलेचा ने किया ।



# तेरापंथ सभा हनुमंतनगर संघ ने किए आचार्यश्री के दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ सभा हनुमंतनगर के 150 सदस्यों के गुरु दर्शनार्थ संघ ने सूरत में विराजित आचार्यश्री महाश्रमणजी के दर्शन किए। अध्यक्ष गौतम दक ने आचार्यश्री को संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। गुरुदेव हनुमंतनगर तेरापंथ भवन में अनेक गतिविधिया सुचारू रूप से गतिमान है। ज्ञानशाला, जैन विद्या, अध्यन, तत्वज्ञान की परीक्षाएं शनिवार की सामयिक, पखी-प्रतिक्रमण एवं हमारे विभिन्न संस्थाओं के विभिन्न आयोजन सुंदर रूप से होते है। सदस्यों ने गुरुदेव से हनुमंतनगर को इस बार चातुर्मास प्रदान करने का निवेदन किया। मंत्री हेमराज मांडोत द्वारा पुनः एक बार चातुर्मास की अर्ज की। महिला मण्डल द्वारा गीतिका की प्रस्तुति दी गयी। तेयुप अध्यक्ष कमलेश झाबक ने भी गुरुदेव के समक्ष अपनी भावों की अभिव्यक्ति दी। यात्रा संघ ने सूरत में विराजित विभिन्न साधु-साध्वियों के भी दर्शन-सेवा का लाभ लिया। संघ में तेरापंथ युवक परिषद एवं महिला मण्डल के सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रकाश बोल्या, उपाध्यक्ष गौतम कातरेला, कोषाध्यक्ष नाथुलाल बोल्या, परामर्शक रोशन मांडोत, बाबूलाल कटारिया, संयोजक महावीर देरासरिया, गौतम खाब्या सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## नवरात्रि उत्सव



वेल्लूर स्थित श्रीपुरम श्री नारायणी पीठ में नवरात्रि महा उत्सव का आयोजन किया जिसमें नवरात्रि गोलू अर्थात माता की अनेकों मूर्तियों की झांकी सजाई गई तथा पीठ के प्रमुख शक्ति अम्मा ने मूर्तियों की विशेष पूजा की।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com